समाचार

# निगम द्वारा मिशन मोड पर कराए जा रहे सफाई कार्य

## (जोन कमिश्नर तथा स्वच्छता विभाग के अधिकारी प्रातः 6 बजे से कर रहे अपने कार्य क्षेत्रों में भ्रमण, सफाई कार्यो की हो रही कड़ी मानीटरिंग)




कोरबा 13 नवम्बर 2019 –निगमों की सफाई व्यवस्था में तत्काल आवश्यक सुधार किए जाने के संबंध में प्राप्त शासन के निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा मिशन मोड पर सफाई कार्यो का संपादन कराया जा रहा है, जोन कमिश्नर एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी प्रातः 06 बजे से अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में सघन रूप से भ्रमण कर सफाई कार्यो की कड़ी मानीटरिंग करने के साथ ही अपने स्वयं की देखरेख में सफाई कार्य करवा रहे हैं, जिसका सीधा असर शहर की स्वच्छता पर दिखाई देना प्रारंभ हो गया है।

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव आर.पी.मण्डल ने निगमों को निर्देश दिए हैं कि निगमों की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि में बेहतर सुधार तथा सड़क निर्माण व मरम्मत कार्यो के साथ–साथ मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालयों में समस्या का त्वरित निदान मिशन मोड पर किया जाए। निर्देशों के परिपालन में आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के जोन कमिश्नरों को जिम्मेदारी दी है कि वे स्वयं की देखरेख में इन निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित कराएं तथा सफाई कार्यो, स्ट्रीट लाईटों के संधारण, सड़क मरम्मत के कार्यो में निर्वाध पेयजल की आपूर्ति एवं वार्ड कार्यालयों में समस्याओं का त्वरित निदान किए जाने की दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाएं एवं इन कार्यो को मिशन मोड पर संपादित कराएं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि साफ–सफाई कार्यो पर विशेष फोकस रखने के साथ लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान सुनिश्चित करें।

**प्रातः 06 बजे जोन कमिश्नर पहुंच जाते हैं फील्ड में**– निगम के सभी जोन कमिश्नर प्रातः 06 बजे से अपने–अपने कार्यक्षेत्रों में पहुंचकर सफाई कार्यो की मानीटरिंग कर रहे हैं तथा स्वयं की देखरेख में सफाई कार्य करवा रहे हैं। वहीं स्वच्छता विभाग अधिकारी, निरीक्षक, पर्यवेक्षक अपने स्टाफ के साथ कार्य स्थलों पर उपस्थित रहकर सफाई कार्यो को संपादित करा रहे हैं, सफाई कार्य एजेंसियां भी कार्य के प्रति सजग हो गई है, इनके प्रतिनिधि, ठेकेदार भी स्वच्छता कार्यो में पूरा ध्यान दे रहे हैं, सफाई कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कर रहे हैं तथा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य करा रहे हैं, जिसका सीधा असर शहर की स्वच्छता पर दिखाई देना प्रारंभ हो गया है।

**डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण पर विशेष फोकस** – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शतप्रतिशत घरों तक पहुंचकर डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण कार्य में विशेष फोकस किया जा रहा है, जब शत प्रतिशत घरों से सफाई मित्रों द्वारा कचरे का संग्रहण कर लिया जाएगा तो लोगों द्वारा सड़क, नाली में कचरा फेंकने की गुंजाईश ही न बचेगी, इसके साथ ही सफाई कार्य के दौरान एकत्रित हुए कचरे को स्थल से तुरंत उठाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं निगम द्वारा सड़कों से धूल मिट्टी हटाने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन का उपयोग भी प्रारंभ कर दिया गया है, ताकि सड़कों के किनारे जमा होने वाले डस्ट को हटाकर सड़कों को साफ–सुथरा रखा जा सके।

**सड़कों की मरम्मत के कार्य लगातार जारी**– निगम द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं सुधार का कार्य लगातार जारी है, सड़कों में बरसात के दौरान हुए गड्ढ़ों को पाटकर उनमें डामरीकरण या आवश्यकतानुसार सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से सुधार व मरम्मत के कार्य कराए जा रहे हैं, अभी तक दर्जनों सड़कों में ये कार्य किए जा चुके हैं, वहीं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री राहुल देव ने जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि मरम्मत कार्य को निरंतर जारी रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि निगम क्षेत्र की सभी मरम्मत योग्य सड़कें दुरूस्त कर ली जाए।

**वार्ड कार्यालयों में शिकायतों समस्याओं का हो रहा त्वरित निदान**–मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा में खोले गए वार्ड कार्यालयों में आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निदान किया जा रहा है। निगम क्षेत्र में अभी तक कुल 11 वार्ड कार्यालय खोले जा चुके हैं, जहां पर संबंधित वार्डो के लोग पहुंचकर विभिन्न नगर पालिक सेवाओं, सुविधाओं एवं अपनी मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं, वार्ड कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की नियमित रिपोर्ट निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन भेजी जाती है, जिसकी समीक्षा आयुक्त श्री राहुल देव द्वारा लगातार की जा रही है। वार्ड कार्यालयों में अभी तक प्रकाश व्यवस्था, राजस्व, पेयजल, लोक निर्माण, स्वच्छता सहित अन्य विषयों पर कुल 235 शिकायतें अथवा मांग प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 224 शिकायतें दूर की जा चुकी हैं, शेष पर कार्यवाही जारी है।

**निदान–1100 में निगम को ए–ग्रेड** – नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ की आनलाईन शिकायत निवारण प्रणाली निदान–1100 में प्राप्त शिकायतों का समयसीमा में निराकरण किए जाने की दिशा में निगम ने बेहतर प्रदर्शन किया है, परिणाम स्वरूप निगम को निदान–1100 में प्रदेश में ए–ग्रेड मिला हुआ है। निदान–1100 के अंतर्गत स्ट्रीट लाईट, पेयजल, साफ–सफाई, हैण्डपम्प सुधार, भवन अनुज्ञा, सी.एण्ड डी.वेस्ट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, मृत जानवर, शौचालय मेरा अधिकार जैसे विषयों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जाती है, जिनका निर्धारित समयसीमा में निराकरण करना होता है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निदान–1100 के तहत प्राप्त शिकायतों का समयसीमा में निराकरण किया जा रहा है, परिणाम स्वरूप प्रदेश में निगम को ए–ग्रेड मिला हुआ है, जो लगातार बरकरार है।

**सड़क नाली पर फेंका कचरा, लगा जुर्माना**– घरों व दुकानों से निकले हुए कचरे को सार्वजनिक स्थानों सड़क, नाली आदि में डालने पर निगम द्वारा कड़ा रूख अपनाया जा रहा है तथा ऐसा करने वालों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज 03 लोगों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. संजय तिवारी ने बातया कि विशाल होण्डा पावर हाउस रोड, राजू होटल टी.पी.नगर, तरूण डेंटर टी.पी.नगर पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई तथा इन तीनों से कुल 3000 रूपये वसूले गए।